भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2247

दिनांक 31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

प्रमुख स्वास्थ्य संकेतक

†2247. श्री सुनील बोस:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2025 तक नवीनतम राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के आंकड़ों तथा मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) के अद्यतन जैसे प्रमुख स्वास्थ्य संकेतकों को जारी करने में विलंब के कारणों का ब्यौरा क्या है;

(ख) साक्ष्य-आधारित नीति-निर्माण तथा जन स्वास्थ्य पहलों को समर्थन प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य आंकड़ों का समयबद्ध एवं पारदर्शी प्रसार सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ग) उपर्युक्त विलंबों का प्रजनन, मातृत्व, नवजात, शिशु, किशोर स्वास्थ्य तथा पोषण रणनीति जैसी पहलों पर पड़े प्रभाव का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफ़डब्ल्यू) एक समेकित सर्वेक्षण करता है, जिसे राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफ़एचएस) कहा जाता है। यह सर्वेक्षण स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा उससे संबंधित क्षेत्रों, जैसे जनसंख्या की विशेषताएं; प्रजनन और प्रजनन संबंधी प्राथमिकताएँ; परिवार नियोजन; मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य; पोषण; रुग्णता और स्वास्थ्य परिचर्या; महिलाओं का सशक्तिकरण आदि संबंधी आँकड़े उपलब्ध कराता है। एनएफ़एचएस के छठे चरण (2023-24) के राष्ट्रीय तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र संबंधी फैक्ट शीट्स दिनांक 29.05.2026 को जारी की गई थी।। ये फैक्ट शीट्स सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हैं और इन्हें निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है:

https://www.nfhsiips.in/nfhsuser/assets/National%20Family%20Health%20Survey%20(NFHS-6)%202023-2024%20Fact%20Sheets.pdf

भारत के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय की नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) एक बड़े पैमाने का जनसांख्यिकीय सर्वेक्षण है, जो राष्ट्रीय तथा उप-राष्ट्रीय स्तरों पर प्रजनन एवं मृत्यु-दर संबंधी विभिन्न संकेतकों का आकलन करता है। मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) उन संकेतकों में से एक है, जो नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) से प्राप्त होता है। एसआरएस दुनिया के सबसे बड़े जनसांख्यिकीय सर्वेक्षणों में से एक है, जो देश के 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में व्याप्त लगभग 89 लाख जनसंख्या को कवर करता है। भारत में मातृ मृत्यु संबंधी नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) विशेष बुलेटिन 2022-24 भारत के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा मई 2026 में जारी किया गया। नवीनतम प्रकाशन 2022-24 की अवधि का है और इसे निम्नलिखित लिंक से देखा जा सकता है:

https://censusindia.gov.in/census.website/data/SRSMMB

मंत्रालय नोडल एजेंसी के साथ नियमित अनुवर्ती कार्रवाई तथा प्रगति की निगरानी और मध्यवर्ती उपायों की देखरेख के लिए उच्च स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित करके समय पर एनएफ़एचएस डेटा प्रसारित करता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भारत सरकार, के अंतर्गत, बाल स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य तथा पोषण संबंधी अंतक्षेप राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की आरएमएनसीएएच+एन कार्यनीति के तहत सार्वभौमिक रूप से लागू किए जाते हैं और किसी भी रिपोर्ट के जारी होने के समय की परवाह किए बिना नियमित रूप से उनकी निगरानी की जाती है।

******